## संक्षिप्त

### नर्सेज दिवस मनाया

**सवाईमाधोपुर**, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर जिला चिकित्सालय सवाई माधोपुर में नर्सेज दिवस मनाया गया। इस मौके पर नर्सेज जगत की जननी फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिन पर फ्लोरेंस नाइटेंगल की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर मरीजों को फल वितरण किया साथ ही पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे बांधे गए। नर्सेज यूनियन के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने बताया की इस मोके पर डॉ एसएन अठावाल ,डॉ अंजनी मथुरिया ,नर्सिंग अधीक्षक मुकेश गुप्ता ,गिर्राज सिंघल यूनियन के महासचिव राधेश्याम मीना,अब्दुल मजीद, सतीश शर्मा,भूपेंद्र भंडारी,अतिकुद्दीन ,घनश्याम मीना ,मुकेश मीना,शहजाद उमा शर्मा ,कनकप्रभा आदि नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

### विभिन्न पदों हेतु निविदा आमंत्रित

**करौली**, (निसं)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश ने बताया कि कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल करौली हेतु ऑफिस असिस्टेंट, रिसेप्शनिस्ट कम डेटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं ऑफिस पिओन की खुली निविदा आमंत्रित की गयी है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत बोलीदाता 19 मई को प्रात: 9:30 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है एवं ये निविदाएँ 19 मई को 10 बजे खोली जाएगी। ये निविदा ऑफिस असिस्टेंट के 3, ऑपरेटर के 1 एवं ऑफिस पिओन के 3 पदो हेतु आमंत्रित की गयी है जिनकी अधिकतम देय राशि ऑफिस असिस्टेंट एवं ऑपरेटर हेतु 14 हजार प्रतिमाह एवं ऑफिस पिओन हेतु 11 हजार प्रतिमाह है।

### निगरानी समिति की बैठक 18 मई को

**करौली**, (निसं)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वित्तिय वर्ष 2026-27 की प्रथम त्रिमासिक बैठक सांसद भजन लाल जाटव की अध्यक्षता में 18 मई को प्रात: 11:30 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकरियों को बैठक में निर्धारित स्थान एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### टंकण परीक्षा आयोजन 21 को

**करौली**, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष टंकण परीक्षा आयोजन समिति हेमराज परिडवाल ने बताया कि करौली जिले में पदस्थापित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर्मिकों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 21 मई को 11 बजे से राजकीय महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी।

### नदी में डूबने से दो भाइयों की मौत

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। बालघाट थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में मंगलवार को गंभीर नदी में नहाते समय दो सगे भाइयों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक 12 वर्षीय वीरेंद्र जाटव और उसका छोटा भाई 10 वर्षीय विष्णु जाटव हैं।दोनों भाई बकरी चराने गए हुए थे। इस बीच नदी में नहाते समय अचानक गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला और श्रीमहावीरजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## कंट्रोल रूम स्थापित

**गंगापुर सिटी** , (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएच डी) खंड गंगापुर सिटी ने ग्रीष्मकाल में पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए क्षेत्रवार अधिकारियों के संपर्क नंबर जारी किए हैं। विभाग ने दैनिक जलापूर्ति, पेयजल गुणवत्ता बनाए रखने, टैंकर परिवहन और आमजन की शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी नियुक्त किए हैं। जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में वजीरपुर के लिए सहायक अभियंता पवन कुमार सैनी और कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार बैरवा को जिम्मेदारी दी ग है। इसी तरह महूकला क्षेत्र के लिए कनिष्ठ अभियंता दिलराज मीना और उदे कला क्षेत्र के लिए कनिष्ठ अभियंता अजय सिंह गुर्जर को नियुक्त किया गया है। गंगापुर सिटी शहरी क्षेत्र में सहायक अभियंता सज्जन सिंह छावडी के साथ कनिष्ठ अभियंता सुग्रीव मीना और बलराम मीना को पेयजल व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# 'पेनोरमाओं को पर्यटन हब बनाने के लिए नवाचार अपनाएं'

**भरतपुर**, (निसं)। जिले में संचालित पेनोरमाओं के संचालन, रख-रखाव एवं पर्यटन विकास संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेनोरमाओं को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने तथा आमजन की सहभागिता बढ़ाने को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि जिले के पेनोरमाओं को नई पहचान दिलाने के लिए सभी अधिकारी नवाचारात्मक प्रयास करें, जिससे भरतपुर पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से उभर सके। उन्होंने रूपवास उपखंड क्षेत्र स्थित महाराणा सांगा पेनोरमा, खानवा में कराए गए सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर रूपवास उपखंड अधिकारी से फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा पेनोरमा, खानवा में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से थीम आधारित खाद्य उत्पाद, पेय पदार्थ, जूस, चाट सामग्री आदि के अस्थायी ठेले एवं स्टॉल लगाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही भामाशाहों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सरस पार्लर एवं लोकल चौपाटी विकसित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि पर्यटकों को महाराणा सांगा पेनोरमा, खानवा तक पहुंचने में सुविधा हो, इसके लिए मुख्य मार्गों पर दिशा सूचक साइन बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने महाराणा सांगा पेनोरमा, खानवा तथा लोहागढ़ फोर्ट स्थित महाराजा सूरजमल पेनोरमा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा एवं महाराजा सूरजमल जैसे महापुरुषों के शौर्य, पराक्रम और इतिहास से युवा पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा विभाग एवं शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से निजी एवं राजकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक यात्राएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पुरातत्व, पर्यटन, शिक्षा एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेनोरमाओं में दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए नवाचारात्मक गतिविधियां एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया। साथ ही दोनों धरोहर स्थलों पर नियमित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने नगर निगम आयुक्त, भरतपुर एवं रूपवास उपखंड अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेनोरमाओं के विकास एवं जनसहभागिता बढ़ाने के लिए सकारात्मक पहल करते हुए सुझाव आमंत्रित किए जाएं।बैठक में एडीएम सिटी राहुल सैनी, नगर निगम आयुक्त श्रवण बिश्नोई, भरतपुर उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता, रूपवास उपखंड अधिकारी विष्णु बंसल, पुरातत्व विभाग के राजन कुमार, पंकज मीना, बीडीए के बी.एल. शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हाई-टेक नर्सरी का प्रशिक्षण दिया

**भरतपुर**, (निसं)। ग्रामीण उद्यमिता कृषि विकास योजनान्तर्गत महाराजा सूरजमल कृषि महाविद्यालय रहीमपुर के विद्यार्थियों को हाई-टेक नर्सरी का प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि हाई-टेक नर्सरी में पौध तैयार करने से सब्जी उत्पादन में 30 से 35 प्रतिशत इजाफा होता है। इसमें पौध क्यारी के बजाय प्लग ट्रे में तैयार की जाती है। प्लग ट्रे के खाँचों में कम्पोस्ट व मिट्टी के मिश्रण की जगह कोकोपीट, परलाइट व वर्मीकुलाइट के 3रू2रू1 के अनुपात में मिश्रण बनाकर भरा जाता है। इससे पौधों को संतुलित पोषण मिलने से बढवार अच्छी होती है। पौध रोपण के समय जडों को नुकसान नहीं होता। नर्सरी को सफेद रंग व 40 मैश के एग्रोनेट से ढकना चाहिए, इससे कीटो का प्रकोप नही होता तथा विषाणु जनित बीमारियों से पौध बच जाती है। पॉलीहाउस में पौध तैयार करने से वातावरण व मिट्टी का तापमान व नमी नियंत्रित रहने से ऑफ सीजन में भी पौध तैयार की जा सकती है। हमें हाई-टेक नर्सरी में सब्जियों की उन्नत व संकर किस्मों को प्राथमिकता देनी चाहिए। हाई-टेक नर्सरी हेतु सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाता है। राजस्थान के बहुत कम किसानो ने हाई-टेक नर्सरी को अपनाया है, परिणामस्वरूप यहाँ अधिकतर सब्जियों की उत्पादकता राष्ट्रीय औसत से कम है। ध्यान रखें स्वस्थ पौध ही अच्छे उत्पादन का आधार है।

### नगर निगम पर धरना दूसरे दिन भी जारी

**भरतपुर** (निस)। कठपुतली मंदिर, जघीना गेट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए नगर निगम भरतपुर के सामने दिया जा रहा क्रमिक धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर क्रमिक अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है।भरतपुर नगर निगम द्वारा कठपुतली मंदिर, जघीना गेट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। आरोप है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के मामले में पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। इसी के विरोध में नगर निगम कार्यालय के सामने 11 मई से क्रमिक धरना शुरू किया गया, जो दूसरे दिन भी जारी रहा। धरनार्थियों का कहना है कि इससे पूर्व 1 मई 2026 को भी नगर निगम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस दौरान नगर निगम सचिव विजय प्रताप सिंह ने सात दिन के भीतर अतिक्रमण ध्वस्त कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो क्रमिक धरने को क्रमिक अनशन में बदल दिया जाएगा, जिसकी सूचना नगर निगम प्रशासन को दे दी गई है। धरना स्थल पर दूसरे दिन प्रिया, कमलेश शर्मा, आशा शर्मा, राकेश कुमार, रवि कुमार, दीपक, मिथलेश, रमेशचंद शर्मा, साक्षी पाराशर, अगस्त शर्मा एवं सतेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**करौली**, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिले में हार्डकोड इनामी बदमाश अवैध मादक पदार्थ अवैध शराब जुआ सट्टा के खिलाफ चल रहे सघन अभियान के तहत टोडाभीम थाना पुलिस ने तीन टॉप 10 अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि जिले में चल रहे सघन अभियान के तहत टोडाभीम थाना पुलिस ने अलग-अलग आरोपों में फरार चल रहे और टोडाभीम थाने के टॉप 10 के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

# कैलादेवी व खोहरी माता को लगाया जायेगा छप्पन

- बीजासन माता खोहरी गेट से श्रद्धालु 108 मीटर लंबी चुनरी लेकर होंगे रवाना
- कैलादेवी में समिति सदस्यों ने देखी व्यवस्थाएं

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मां कैला देवी सेवा संस्थान पहली बार पुरुषोत्तम मास के अवसर पर बिजासन खोहरी माता और कैला मैया के छप्पन भोग महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह दो दिवसीय महोत्सव 22 और 23 मई को कैला देवी ट्रस्ट आश्रम में आयोजित होगा। आयोजन के तहत भगवती जागरण, फूल बंगला झांकी और 108 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए संस्थान के अध्यक्ष दिनेश चंद तमौलीपुरा सहित गोपाल सोनी, वेद प्रकाश मंगल, कैलाशचंद, मथुरा सुरेशचंद्र गुप्ता, गोपाल खप्पा और लाला हलवा जैसे अन्य सदस्य मंगलवार को कैला देवी पहुंचे। उन्होंने माता रानी के दर्शन कर ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। संस्थान के प्रवक्ता वेदप्रकाश मंगल ने बताया कि 22 म को सुबह 7:30 बजे बिजासन माता खोहरी गेट से सैकड़ों श्रद्धालु 108 मीटर लंबी चुनरी हाथों में लेकर बैंड-बाजों और जयकारों के साथ मंदिर पहुंचेंगे। यहां माता का विशेष श्रृंगार कर चुनरी चढ़ा जाएगी और छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे कैला देवी ट्रस्ट आश्रम धर्मशाला से कैला देवी मंदिर तक एक विशाल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। रात 9 बजे से कैला देवी आश्रम में विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा। 23 म को सुबह 5 बजे कैला मैया को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद सुबह 8 बजे हवन-यज्ञ और सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। संस्थान अध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि आयोजन के लिए कैला देवी ट्रस्ट आश्रम बुक कर लिया गया है। महोत्सव के दौरान खोहरी मैया और कैला देवी मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा तथा विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार लगाए जाएंगे। संस्थान ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

मां कैला देवी सेवा संस्थान की एक बैठक बुधवार शाम 7:30 बजे संस्थान अध्यक्ष दिनेश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम मंदिर पर रखी ग है। संस्थान महामंत्री रमेश चंद तिवारी ने बताया कि मीटिंग में दो दिवसीय 22 व 23 म को कैला देवी में छप्पनभोग फूल बंगला झांकी भगवती जागरण 108 मीटर लंबी विशाल चुनरी महोत्सव आयोजन पर चर्चा एवं समीक्षा कर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने मीटिंग में समस्त सदस्य एवं आयोजन से जुड़े भक्तों को आमंत्रित किया है।

# धरना प्रदर्शन कर चिकित्सा मंत्री का जलाया पुतला

**करौली**, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आरजीएचएस योजना की सुरक्षा तथा संवेदनहीन सरकार की निद्रा खोलने के लिए मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया। जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोंपा।

जिला मुख्यालय में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ज़िला संयोजक श्याम सुन्दर शर्मा एवं ठाम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पटवार संघ से राजाराम मीना सहायक कर्मचारी संघ से धर्मपाल एवं ईकवाल प्रबोधक संग से सुरेन्द्र शर्मा एवं सैकडों कर्मचारियों ने चिकित्सा मन्त्री का पुतला दहन किया । एवं राजकीय अवकाश के दिनों में कार्य नहीं करने का मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। उन्होंने ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ ( आर जी एच एस) में ईलाज बंद करने एंव यौजना को इंश्योरेंस मोड पर देने का विरोध किया। उन्होंने ज्ञापन मैं बताया कि एक तरफ सरकार स्वास्थ्य का अधिकार ( ) कानून 21 मार्च 2023 को विधानसभा द्वारा पारित किया गया। इस कानून को 12 अप्रैल 2023 को राज्यपाल की मंजूरी मिली। यह कानून राज्य के निवासियों को सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त आपातकालीन चिकित्सा और जांच का अधिकार प्रदान करता है।राजस्थान, स्वास्थ्य का अधिकार कानून अधिकार: इसके अस्पतालों और चुनिंदा निजी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त परामर्श, दवाएं, आपातकालीन परिवहन और चिकित्सा की सुविधा मिलेगी।

उद्देश्य: मरीजों को बिना किसी पूर्व भुगतान के आपातकालीन स्थिति में इलाज का अधिकार सुनिश्चित करना है।जवकी आज हमारे कर्मचारी एवं पेंशनर्स को 25मार्च,2026 से आरजीएचएस योजना में दवाईया बन्द है 14अप्रेल 2026 से सम्पूर्ण ईलाज बंद करने के कारण सरकारी कर्मचारी ईलाज निजी खर्च पर करवा रहा है।

## शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज

**भरतपुर** (निस)। सेवर थाना क्षेत्र के दयोपुरा के सरकारी स्कूल ग्राउंड में पड़े मिले तीन रुपयो को उठाकर जेब में रख लेने के मामले के तीसरी कक्षा की 8 वर्षीय मासूम बच्ची को सोमवार को पीट पीट कर लहूलुहान कर देने वाली महिला शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ित छात्रा की माँ की तरफ से दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि आरोपी शिक्षिका ने आपा खोकर बच्ची की पीठ पर ताबड़तोड़ डंडे बरसा दिए जिससे उसके शरीर पर गहरे निशान बन गए। छुट्टी के बाद जब बच्ची रोते हुए घर पहुंची और परिजनों को अपनी पीठ दिखाई तो चोटों को देख सभी सकते में रह गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को बच्ची की मां ने सेवर थाने पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करवाई है।

**नाम संशोधन**

मैं पवन कुमार पुत्र टुंडाराम, उम्र 35 वर्ष, जाति जाटव, निवासी ग्राम पटोंदा, तहसील श्रीमहावीरजी जिला करौली शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र सहदेव जाटव के स्कूल रिकॉर्ड में पिता का नाम पवन जाटव (PAWAN JATAV) दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरे पुत्र के पिता का सही नाम पवन कुमार (PAWAN KUMAR) है, जो मेरे सभी वैध दस्तावेजों में दर्ज है। अत: स्कूल रिकॉर्ड में पवन जाटव के स्थान पर पवन कुमार दर्ज किया जावे।

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर**, (निसं)। वार्ड नंबर 46 एवं नगला चांदवारी के ठाामीणों ने श्मशान भूमि की समस्या के समाधान की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। ठाामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

भरतपुर में वार्ड नंबर 46 के वार्डवासियों एवं नगला चांदवारी गांव के ठाामीणों ने श्मशान भूमि की समस्या को लेकर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और धरना देकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का कहना था कि सरकार द्वारा श्मशान के लिए आवंटित भूमि पर गांववासियों द्वारा दाह संस्कार किया गया, जिसका कॉलोनीवासियों ने विरोध किया। इस घटना को लेकर ठाामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने कहा कि श्मशान भूमि सभी समाज और लोगों की आवश्यकता से जुड़ा विषय है, इसलिए इसका विरोध करना उचित नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द समाधान नहीं किया गया तो समस्त ठाामवासी बड़ा आंदोलन एवं उठा विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। धरना-प्रदर्शन में लक्ष्मीकांत बाबूजी, वीरेंद्र मैथिल, रामखिलाड़ी शर्मा, राजवीर सोलंकी, भोगाराम, अभिषेक चांदवारी प्रदेश महासचिव एनएसयूआई, दिलीप शर्मा, अभिलाष शर्मा, विवेक, भरत, पिंकी, भूरा, वीरेंद्र, भगवान सिंह, सतीश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिंघाडा में नर्सिंग स्टाफ के साथ अभद्रता का मामला

**भरतपुर**, (निसं)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंघाडा में बिना चिकित्सकीय पर्ची इंजेक्शन लगाने को लेकर एक व्यक्ति द्वारा नर्सिंग स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कर्मचारियों ने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

सिंघाडा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक व्यक्ति द्वारा अस्पताल स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कर्मचारियों द्वारा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रताप सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी सिंघाडा एक महिला सन्तो पत्नी ओमवीर के साथ अस्पताल पहुंचा था। उनके हाथ में दो इंजेक्शन की शीशियां थीं, लेकिन मरीज एवं परिजनों के पास किसी भी चिकित्सक द्वारा लिखी गई पर्ची मौजूद नहीं थी।

शिकायत में बताया गया कि मरीज पक्ष ने बिना चिकित्सकीय परामर्श एवं ओपीडी पर्ची के इंजेक्शन लगाने के लिए स्टाफ नर्सिंग अधिकारी रामबाबू शर्मा एवं उमेश सिंह पर दबाव बनाया। जब स्टाफ ने नियमानुसार पहले ओपीडी पर्ची बनवाने और चिकित्सक से परामर्श लेने की बात कही तो आरोपी गाली-गलौच करने लगा। कर्मचारियों का आरोप है कि चिकित्सक के पास जाने के लिए कहने पर संबंधित व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान करीब बीस मिनट तक अस्पताल का कार्य बाधित रहा तथा स्टाफ भय और तनाव के माहौल में काम करने को मजबूर हुआ। समस्त कर्मचारियों ने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी से आरोपी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा संबंधी आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

**पश्चिम मध्य रेल**

कैटलॉग नं. Kota-Pnu-2026-4, लॉट का नाम – बयाना, झालावाड़ सिटी, हिंडोन सिटी, रामगंज मंडी, शामगढ़, विक्रमगढ़ आलोट, अनुबंध का प्रकार–पे एंड यूज टॉयलेट, ई–नीलामी की तिथि एवं समय–26.05.2026 समय 12:00 बजे, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# आरजीएचएस योजना में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन किया

**भरतपुर**, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को डीग जिला मुख्यालय पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने आरजीएचएस योजना में किए गए बदलावों के विरोध में प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने महासंघ के जिला संयोजक सुशील प्रधान एवं सह संयोजक मुन्नालाल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की तथा चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया।

इसके बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर मयंक मनीष को ज्ञापन सौंपकर आरजीएचएस योजना की चिकित्सकीय सुविधाएं पूर्ववत बहाल करने की मांग की। महासंघ के जिला संयोजक सुशील प्रधान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशनरों की चिकित्सा सुविधाओं में कटौती कर योजना के मूल स्वरूप में बदलाव किया जा रहा है, जिसे कर्मचारी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**करौली**, (निसं)। प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा जिले में संचालित नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण अभियान के अंतर्गत ठााम पंचायत सौरया के राजकीय विद्यालयमें विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ठाामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से की गई। शिविर में जिन लाभार्थियों को दृष्टिदोष पाया गया, उन्हें उनके नंबर के अनुसार नि:शुल्क चश्मे एवं आई ड्रॉप्स वितरित किए गए। उन्हें चिकित्सकीय परामर्श देकर उचित उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया गया।प्योर इंडिया ट्रस्ट की मेडिकल टीम जयपुर से पहुंची, जिसने बड़ी संख्या में ठाामीणों की जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल एवं समय-समय पर जांच कराने के प्रति जागरूक किया। ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल ने बताया कि करौली जिले के ठाामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाना ट्रस्ट की प्राथमिकता है।

# सप्तकोशीय परिक्रमा का पोस्टर विमोचन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। श्री गिरिराज जी महाराज की सप्तकोशीय कनक दंडवत परिक्रमा के पोस्टर का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर परिक्रमा समिति के सदस्यों ने आगामी यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की। समिति सदस्य यशवंत बंसल मुगली ने बताया कि श्री गिरिराज जी महाराज की 17वीं सप्तकोशीय कनक दंडवत परिक्रमा 4 जून को गंगापुर सिटी से गोवर्धन के लिए प्रस्थान करेगी। श्रद्धालु सुबह 6 बजे रवाना होंगे। यह धार्मिक यात्रा पिछले 40 साल से निरंतर आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 10 जून को गोवर्धन स्थित गंगापुर वालों की धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सप्तकोशीय कनक दंडवत परिक्रमा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालुओं से समय रहते अपना पंजीयन कराने की अपील की ग है, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान समिति के मदन गोपाल गुप्ता, मनोज सोनी, विनोद गोयल, विनोद कमांड और कपिल जी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बाल संस्कार पाठशाला का हुआ आयोजन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। 1 भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी के तत्वाधान में नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक का आयोजन अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता ,पट्टी वालों की अध्यक्षता में अग्रवाल धर्मशाला स्टेशन रोड गंगापुर सिटी पर किया गया।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/93(2026–27)
दिनांक: 08.05.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** ईएल/50/311/2026–27, **कार्य का नाम:** भवानीमंडी: अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत PF 2/3 पर HL प्लेटफार्म का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 51,27,399.01, **बयाना राशि (रू. में):** 1,02,600/–, **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 01.06.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, **निविदा संख्या:** ईएल/50/312/2026–27, **कार्य का नाम:** कोटा डिवीजन के प्रांगणो में प्रकाश व्यवस्था में सुधार और उसका प्रावधान (चरण–1)।, **अनुमानित लागत (रू. में):** 1,82,14,066.31, **बयाना राशि (रू. में):** 3,64,300/–, **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 01.06.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई–टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ लें।

हस्ता.
कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य),
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# 'सोमनाथ मंदिर हजारों साल पुरानी सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक'

- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन


**भरतपुर**, (निसं)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार, कला, साहित्य,संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के आयोजन के तहत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर के इतिहास एवं गौरव गाथा विषय पर विशेष व्याख्यान, संवाद परिचर्चा,निबंध आदि प्रतियोगिताएँ प्रोफेसर डॉ. शिल्पी दीप माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इतिहास के सह आचार्य प्रमोद कुमार ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि भारतीय अतीत गौरवान्वित और स्वाभिमान से परिपूर्ण था। उन्होंने इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि उस काल में गजनवी ने सोमनाथ पर अनेक आक्रमण किये।यह सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है। प्राचीन भारत में यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र न होकर संस्कृति और आर्थिक गतिविधियों का भी केंद्र था। यह मंदिर न होकर हमारी आस्था तथा संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी संभागियों को संदेश देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी इतिहास से कुछ सीखें तथा हम सब अपनी धर्म एवं संस्कृति से जुड़े। उन्होंने कहा की सोमनाथ मंदिर हमारी हजारों साल पुरानी सभ्यता और संस्कृति का आज भी प्रतीक है।इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा पंचम सेमेस्टर की छात्रा रचना गुर्जर, चेतना सिंह सिसोदिया एवं क्षमा यादव को निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ.शिल्पी दीप माथुर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और इतिहास से पहचान करना है।उन्होंने आह्वान किया कि विद्यार्थी अपने व्हाट्सएप ग्रुप या सोशल मीडिया के माध्यम से हमारी भारतीय संस्कृति का गौरव एवं इसकी ऐतिहासिकता का सर्वत्र पहचान करायें।समिति के संयोजक प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति,सांस्कृतिक चेतना,राष्ट्रीय स्वाभिमान तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान एवं जागरूकता का समर्थन करना रहा है। उन्होंने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर भविष्य में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।भौतिक शास्त्र विभाग के आचार्य डॉ रविंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानवता के साथ हमें अपने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए और यही हमारा कर्तव्य है।प्राणी शास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ.राजेश सिंह ने कहा की इन कार्यक्रमों से इतिहास की जानकारी हमें प्राप्त होती है,साथ ही हम सभी को सीखने का भी अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति सदैव अक्षुण्ण रही है।।इस अवसर पर समिति सदस्य सह आचार्य डॉ.सरिता सिंह,वर्षा डागुर, कविता वर्मा, प्रोफेसर डॉ.मुकेश यादव, प्रोफेसर डॉ.राजेश सिंह, प्रोफेसर डॉ.रविन्द्र शर्मा, डॉ.अरविन्द सिंह,डॉ.सुदर्शन, डॉ.राजाराम, डॉ.मोनिका, डॉ.दीपिका, डॉ.हंस राज गुर्जर, चन्द्रकला भंडारी आदि संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी एवं विद्यार्थी गण मौजूद थे।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, करौली**

**संशोधित प्रेम विज्ञप्ति**

| क्र.स. | नाम शिशु | उम्र | लिंग | शिशु प्राप्ति स्थल | प्रवेश का माध्यम | शिशु का फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिव्या (रखा गया नाम) | लगभग 25 दिन | F | दिनांक 07.05.2026 की रात्रि को जुंगीनपुरा, हिण्डौन रोड पर खडे ऑटो में | बाल कल्याण समिति, करौली |  |

नोट:- उक्त शिशु का पुनर्वास/दत्तक ग्रहण किय जाना है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिवस के अंदर कार्यालय अधीक्षक राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेन्सी, वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास करौली में आकर आपत्ति प्रस्तुत करावें।
दूरभाष नम्बर :- 07464-294625 (9982402482, 9636038008) ई-मेल आईडी adicps-karauli@gov.in

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग करौली